प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

19.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

'' मुख्य समाचार''

- मुख्यमंत्री ने कहा–चिट्टे की तस्करी में संलिप्त 60 से अधिक कर्मचारियों पर 6 महीने में कड़ी कार्रवाई करेगी सरकार।
- पंजाब में एचआरटीसी की बसों में तोड़फोड़ करने संबंधी मामला विधानसभा में गूंजा–राज्य सरकार ने होशियारपुर बॉर्डर के लिए 10 बस रूट किए बंद।
- राज्य सरकार ने पॉवर निगम के चीफ इंजीनियर विमल नेगी की मौत की उच्च स्तरीय जांच के दिए निर्देश–भाजपा व परिजनों ने मांगी सीबीआई जांच।
- विधानसभा में वित्त वर्ष 2025–26 के बजट पर चर्चा जारी।

प्रश्नकाल

प्रदेश सरकार के 60 से अधिक कर्मचारी और अधिकारी चिटटे की तस्करी में संलिप्त पाए गए हैं और इनके खिलाफ अगले छह महीने में सरकार कड़ी कार्रवाई अमल में लाएगी। शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में प्रश्नकाल के दौराज आज मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने ये बात कही। विधायक डीएस ठाकुर, मलेंद्र राजन, विनोद कुमार और केवल सिंह पठानिया के संयुक्त सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार के सत्ता में आने के बाद चिट्टे की तस्करी के मामलों में 30 प्रतिशत की गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि सरकार ड्रग माफिया के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है और अभी तक एक ड्रग माफिया के घर को गिरा दिया है जबकि 17 लोगों की संपति को जब्त किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार राज्य में नशा करने वालों की मैपिंग करवा रही है और इसके लिए सभी जिला पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही यह मैपिंग स्कूलों और कॉलेजों में भी होगी और इसी मैपिंग के आधार पर आगे का प्लान तैयार किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार चिटटे की तस्करी को रोकने के लिए स्पेशल टास्क फोर्स का गठन करने के अलावा मौजूदा बजट सत्र में एंटी ड्रग एक्ट भी ला रही है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने चिटटा तस्करी को लेकर उपलब्ध करवाई जा रही सूचना के लिए केंद्र सरकार का आभार जताया। विधायक डॉ. जनकराज और रणधीर शर्मा द्वारा पूछे गए मूल प्रश्न के उतर में दखल देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने स्वास्थ्य निदेशालय और स्वास्थ्य शिक्षा निदेशालय को अलग–अलग कर दिया हैं और अगले 15 दिनों में पैरामेडिकल स्टॉफ का निदेशालय भी अलग कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार अगले एक साल में वह सभी अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदेश के मेडिकल कॉलेज व अस्पतालों में उपलब्ध करवाएगी जो एम्स दिल्ली में उपलब्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने प्रदेश के सभी 68 विधानसभा क्षेत्रों में प्रस्तावित आदर्श स्वास्थ्य संस्थानों के लिए डॉक्टरों के 2 सौ अतिरिक्त पद सृजित किए हैं। इससे पूर्व स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने मूल प्रश्न के उत्तर में कहा कि सरकार ने प्रदेश में 20 फरवरी तक एमबीबीएस डॉक्टरों के 2 सौ पद स्वीकृत किए हैं।

विशेष वक्तव्य–पोस्टर मामला

पंजाब में हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसों में भिंडरावाले के पोस्टर व झंडे लगाने और पथराव का मामला आज विधानसभा में गूंजा। विपक्षी दल भाजपा ने इस मामले को गंभीर बताते हुए सरकार से उचित कदम उठाने की मांग की। राज्य सरकार ने फिलहाल होशियारपुर बॉर्डर 10 बस रूटों के संचालन पर रोक लगा दी है।विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाद्दाता.........

हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसों को पंजाब में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा निशाना बनाए जाने और तोड़फोड़ करने की घटना संबंधी मामला नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने उठाया। उन्होंने कहा कि पंजाब के कुछ लोग हिमाचल आकर कूनन व्यवस्था बिगाड़ रहे हैं और हिमाचल के लोग पंजाब जाने से कतरा रहे हैं ऐसे में सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने के लिए हिमाचल सरकार को पंजाब के मुख्यमंत्री से बात करनी चाहिए।

इसी मुददे पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सदन में कहा कि उनकी पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से बातचीत हुई है और उन्होंने एचआरटीसी की बसों को निशाना बनाने वालों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

इससें पहले उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने विधानसभा में एक विशेष वक्तव्य के माध्यम से बताया कि राज्य सरकार ने पंजाब के होशियारपुर के लिए 10 बस रूट बंद कर दिए हैं और आज सिर्फ छह रूटों पर ही होशियारपुर के लिए बसों को भेजा गया है। उन्होंने कहा कि स्थिति में सुधार व सुरक्षा की गारंटी मिलने के बाद इन रूटों को फिर से आरंभ कर दिया जाएगा। मुकेश अग्निहोत्री ने पंजाब के युवाओं द्वारा हिमाचल और पंजाब में हिमाचल की बसों में तोड़फोड़ की गई विभिन्न घटनाओं का भी सदन में ज़िक किया।

विमल नेगी

प्रदेश सरकार राज्य पावर निगम के चीफ इंजीनियर विमल नेगी की मौत की उच्च स्तरीय जांच करवाएगी। यह जांच प्रदेश सरकार में अतिरिक्त मुख्य सचिव स्तर का अधिकारी करेगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज विधानसभा में एक विशेष वकतव्य के माध्यम से यह घोषणा की। मुख्यमंत्री ने सदन में कहा कि यदि विमल नेगी की मौत के मामले में कोई जिम्मेदार पाया गया तो सरकार उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करेगी।

इस बीच नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने विमल नेगी मौत मामले की सीबीआई जांच की मांग की है।

इस बीच विमल नेगी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत मामले पर राज्य सरकार ने जांच कमेटी का गठन कर दिया है। सरकार ने अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह व राजस्व ओंकार चंद शर्मा को जांच अधिकारी नियुक्त कर इन्हें 15 दिन के भीतर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए हैं। सरकार ने निष्पक्ष जांच के लिए हिमाचल प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक हरिकेश मीणा और निदेशक विद्युत को अगले आदेशों तक पद से हटा दिया है।

इससे पहले आज विमल नेगी के परिवारजनों ने पॉवर कॉरपोरेशन के कार्यालय के बाहर उनके शव को लेकर प्रदर्शन किया। उन्होंने पॉवर कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक हरिकेश मीणा और निदेशक विद्युत देसराज पर विमल नेगी को प्रताड़ित, दुर्व्यवहार और दबाव बनाने के आरोप लगाए। विमल नेगी के परिजनों ने इस मामले की जांच स्टेट एजेंसी के बजाए सी.बी.आई. से कराने की मांग की है।

बजट चर्चा

विधानसभा में वित्तीय वर्ष, 2025–26 के बजट पर जारी चर्चा के दूसरे दिन आज सत्ता पक्ष ने जहां सरकार के बजट को सराहा वहीं विपक्ष ने इस बजट को आंकडों का माया जाल बताया। चर्चा में भाग लेते हुए विधायक रणधीर शर्मा ने आरोप लगाया कि वित्तीय कुप्रबंधन व गलत नीतियों के कारण बजट आकार में आशा के अनुरुप बढ़ौतरी नहीं हुई। उन्होंने कहा कि जी.एस.टी. अनुदान बंद होने और राजस्व घाटा अनुदान कम होने के लिए केंद्र सरकार को दोषी ठहराने की बजाए राज्य सरकार को अपनी टैक्स कॉलेक्शन को बढ़ाना चाहिए। कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने लीक से हटकर बजट पेश किया है। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि आपदा से प्रदेश में भारी नुकसान हुआ, लेकिन केंद्र से आपदा का 10 हजार करोड रूपए नहीं मिलें है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने सीमित साधनों के बावजूद हर वर्ग को राहत देने वाला बजट पेश किया है। चर्चा में विधायक नीरज नय्यर, सुधीर शर्मा, बलबीर वर्मा और मोहन लाल ब्राक्टा ने भी हिस्सा लिया।

हैलीकॉप्टर मांग

पिछले दिनों हुए हिमपात के कारण जनजातीय क्षेत्र पांगी घाटी में फंसे लोगों खासकर मरीजों को कुल्लू व चम्बा लाने और यहां से घाटी में जाने वाले लोगों के लिए जनजातीय विकास मंच चम्बा ने सरकार से हैलीकॉप्टर उड़ान करवाने का आग्रह किया है।

'' मुख्य समाचार एक बार फिर''

- मुख्यमंत्री ने कहा–चिट्टे की तस्करी में संलिप्त 60 से अधिक कर्मचारियों पर 6 महीने में कड़ी कार्रवाई करेगी सरकार।
- पंजाब में एचआरटीसी की बसों में तोड़फोड़ करने संबंधी मामला विधानसभा में गूंजा–राज्य सरकार ने होशियारपुर बॉर्डर के लिए 10 बस रूट किए बंद।
- राज्य सरकार ने पॉवर निगम के चीफ इंजीनियर विमल नेगी की मौत की उच्च स्तरीय जांच के दिए निर्देश–भाजपा व परिजनों ने मांगी सीबीआई जांच।
- विधानसभा में वित्त वर्ष 2025–26 के बजट पर चर्चा जारी।